राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 23 फरवरी, 2025

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के सेक्टर 7 कैलाशपुरी मार्ग स्थित उत्तराखण्ड मंडपम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने एसडीआरएफ के जवानों से वार्ता की और मंडपम में स्थित स्टॉलों का निरीक्षण किया। राज्यपाल द्वारा हाउस आफ हिमालय, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, उत्तराखण्ड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद, उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा परिषद तथा उत्तराखण्ड खादी बोर्ड द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की गई।

राज्यपाल द्वारा मंडपम में स्थित स्टॉल्स की सुंदरता तथा मंडपम में स्थित टेंट सिटी की भव्यता की सराहना की गई तथा राज्य द्वारा विकसित टेंट सिटी में रात्रि विश्राम किया गया। राज्यपाल के उत्तराखण्ड मंडपम में आगमन पर उद्योग निदेशालय के उपनिदेशक श्री राजेंद्र कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर राज्यपाल का स्वागत किया गया तथा उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

श्री राजेंद्र कुमार द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड मंडपम के माध्यम से राज्य के चार धाम शीतकालीन यात्रा स्थलों का प्रचार –प्रसार किया जा रहा है तथा राज्य की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से श्रद्धालुओं को परिचित कराया जा रहा है। राज्यपाल द्वारा उत्तराखण्ड मंडपम में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की गई तथा डेढ माह से इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी एक्जीबिटर्स, आयोजकों तथा सुरक्षा कर्मियों की सराहना की गई एवं उन्हें धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री रविनाथ रामन, सहायक निदेशक उद्योग श्री माधो सिंह रावत, श्री शुभम बहुगुणा, श्री संजय बिष्ट, जीएमवीएन के प्रबंधक श्री दीपक रावत समेत उत्तराखण्ड मंडपम में प्रतिभाग कर रहे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

...........0............